# शादी की खुशियां मातम में बदलीं, नागपुर से लौटे 100 से अधिक बाराती फूड पॉइजनिंग के शिकार

**नवभारत न्यूज**
**सौसर 7 मई** – सौसर के ग्राम बोरगांव रेमंड से नागपुर गई एक बारात में शामिल होना बारातियों को उस वक्त महंगा पड़ गया, जब वहां भोजन करने के बाद सौ से अधिक लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। दूषित भोजन के कारण बारातियों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी, जिसके बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल, बोरगांव क्षेत्र के 30 से अधिक मरीजों का उपचार सौसर के सिविल अस्पताल में जारी है।





**दही-बड़ा और गुलाब जामुन पर गहराया शक**

जानकारी के अनुसार, बोरगांव के मोहखेड़े परिवार की बारात नागपुर में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने गई थी। बारातियों ने बताया कि शादी में परोसे गए दही-बड़े और गुलाब जामुन खाने के कुछ देर बाद ही लोगों की तबीयत खराब होने लगी। इस समारोह में केवल स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि मुलताई, बैतूल और महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से भी मेहमान आए थे। खबर है कि अन्य क्षेत्रों के बाराती भी अपने-अपने इलाकों के अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं।

**अस्पताल में मची रही गहमागहमी**

जैसे ही बीमार बाराती बोरगांव लौटे, उनकी हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में मरीजों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल प्रबंधन ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत सभी का इलाज शुरू किया। बीएमओ रुपेश बोकडे ने बताया की अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को डॉक्टरों की विशेष निगरानी में रखा गया है। समय पर इलाज मिलने के कारण फिलहाल सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। एहतियात के तौर पर उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

**विधायक सहित पूर्व मंत्री ने जाना हालचाल**

फूड पॉइजनिंग की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़, क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचे। उन्होंने भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और डॉक्टरों को निर्देशित किया कि उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और सभी को समुचित दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं।

## कक्षा 10 में की सप्लीमेंट्री परीक्षा में आज एक छात्र रहा गैरहाजिर

**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 7 मई,** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की कक्षा 10 एवं 12वीं की सप्लीमेंट्री के छात्रों की परीक्षा गुरूवार 7 मई से प्रारंभ हुई है, पांढुरना ब्लॉक के इन छात्रों के लिए नगर के नगर जिला मुख्यालय के संदीपनी स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं के पेपर में कुल 41 में 40 छात्र परीक्षा देंने पहुंचे सिर्फ एक छात्र गैर हाजिर रहा । गौरतलब हो मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए आयोजित की गई कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं में जो भी छात्र जिन विषयों में पास नहीं हो सके ऐसे छात्रों के लिए 7 मई से द्वितीय परीक्षा ली जा रहीं, आज पहले दिन कक्षा दसवीं का प्रथम भाषा हिंदी विषय का पेपर था। प्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही पांढुरना में भी गुरूवार को आयोजित इस बोर्ड की द्वितीय परीक्षा के लिए नगर जिला मुख्यालय के संदीपनी स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां आज सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुए पहले पेपर में कक्षा 10 वी 41 छात्रों को हिंदी का पेपर देंने इस संदीपनी स्कूल के परीक्षा केन्द्र पहुँचना था, इनमें से 40 छात्र तो पहुंच गए, लेकिन एक छात्र गैर हाजिर रहा । उल्लेखनीय हो कि यह कक्षा 10वी की परीक्षा 19 मई तो वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा आगामी 25 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी ।

## नियमों की अनदेखी: बिना जीएसटी के 10,550 रुपये का बिल

**तामिया।** ग्राम पंचायत तामिया द्वारा मां कर्मा टेंट हाउस से सामग्री ली गई, जिसका बिल क्रमांक 456 है। इस बिल की कुल राशि 10,550 रुपये है, जिसे पंचायत निधि-शुल्क योजना के तहत भुगतान किया जाना है। बिल का मुख्य विवरण दुकान का नाम- माँ कर्मा टेंट हाउस एवं साउंड सिस्टम, तामिया। बिल की तारीख- 16 फरवरी 2026। कुल राशि- 10,550.00 रुपये। टैक्स विवरण- सरकारी पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार, इस बिल पर टैक्स 0.00 दर्शाया गया है। ईपीओ नंबर 3821102। क्या है विवाद? शासन के निर्देशों के अनुसार, एक निश्चित सीमा से ऊपर के बिलों पर जीएसटी अनिवार्य होता है, लेकिन इस मामले में 10,000 रुपये से अधिक की राशि होने के बावजूद टैक्स की राशि शून्य दिखाई गई है। बिल में टेंट, कुर्सी, टेबल, कारपेट और साउंड सिस्टम जैसी सामग्रियों का उल्लेख है, जो व्यावसायिक सेवाओं के अंतर्गत आती हैं। वर्तमान में बिल का स्टेटस यानी लंबित दिखा रहा है, लेकिन ईपीओ नंबर जेनरेट होना यह दर्शाता है कि विभाग इसे भुगतान की प्रक्रिया में ले चुका है। यह मामला स्थानीय स्तर पर वित्तीय पारदर्शिता और सरकारी नियमों के पालन पर सवाल खड़े करता है कि आखिर बिना जीएसटी नंबर या बिना टैक्स कटौती के इतने बड़े बिल को पोर्टल पर कैसे स्वीकार किया गया।

## जल संवर्धन के नारे लेखन के साथ किया संवाद ग्रामीणो से जल बचाने

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्त्रोतों की स्वच्छता अपनाने ग्राम सहजपुरी मे जन जागरूकता लाने नारे लेखन के साथ ग्रामीण जनो से संवाद किया गया । इस अवसर पर सेक्टर 3 के परामर्शदाता श्यामल राव, सी एम सी एल डी पी के छात्रो ने ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीण जनो को जल का संरक्षण, खुले पाईप मे नलो की टोंटी लगाने, ओर पानी का अपव्यय ना करने की अपील की है । वही ग्रामीणों को हैंडपंप के आसपास स्वच्छता रखने के साथ जल संवर्धन के उपायो को समझाकर बरसात मे अधिक से अधिक पोधो का रोपण करने कहा गया ।

## तुलतुला मंदिर के संस्थापक पूर्णानन्द बाबा की 28 वी पुण्यतिथि में हुआ धार्मिक आयोजन

**नवभारत न्यूज,**
**तामिया,** गुरुवार को तामिया से पचमढी पिपारिया मुख्यमार्ग में तीन किमी आगे स्थित सिंहवाहिनी मॉ नैनादेवी तुलतुला मंदिर के पावन स्थल में 07 मई 1998 को ब्रम्हलीन हुए गुरुदेव श्री श्री 1008 श्री पूर्णानंद महाराज की 28वी पुण्यतिथि पर सुंदरकांड पूजन भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ा महादेव मंदिर के संत गरीबदास महाराज के शिष्य महंत नारायणदास शामिल हुए। कई वर्षो से सभी भक्तो के पूर्ण सहयोग से तुलतुला मंदिर मे सभी के आस्था का केंद्र बना हुआ है । तामिया से तीन किमी दूरी पर स्थित तुलतुला मंदिर मे प्रतिवर्ष नवरात्र मे विविध धार्मिक आयोजनो के साथ साथ प्रतिदिन रामचरित्र मानस के अखंड पाठ का आयोजन होता । पुजारी झीनानंद महाराज ने बताया कि आमजनमानस से असीम सहयोग से हुआ तुलतुला मंदिर का स्वरूप भव्य बना है आज मंदिर परिसर मे साधु संतो के प्रवास के लिये धर्मशाला सतत भंडारे के लिये विशाल रसोई घर के साथ अन्य निर्माण कार्य हुये है । बीते वर्षो से लगातार शतचंडी महायज्ञ का सफल आयोजन हो रहा है। कई सालो से तामिया का तुलतुला मंदिर सभी की आस्था का केंद्र है।

## भगवान बुद्ध ने संसार को अहिंसा, करुणा, सत्य का मार्ग दिखाया- संदीप मोहोड़

### गोंडीवाढोना में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गौतम बुद्ध जयंती

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 7 मई.** बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में ग्राम गोंडीवाढोना में भगवान गौतम बुद्ध की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से भंते जी, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़, भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष डॉ. अशोक भगत, सरपंच भोजराज धोतके, नामदेव पांडे, चंद्रशेखर कहाते, आनंद दुफारे, लक्ष्मीदास बोरकर, बाबा बागडे, कुंडलिक पगारे, जिला अजा मोर्चा अध्यक्ष खेमराज सोनेकर, मुकेश बागडे आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋषिनाथ नागदवने ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, युवा एवं वरिष्ठजन उपस्थित थे। इस अवसर पर भगवान बुद्ध के जीवन, उनके उपदेशों तथा मानवता के प्रति उनके योगदान का स्मरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने कहा कि, भगवान बुद्ध ने संसार को अहिंसा, करुणा, शांति और सत्य का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज के समय में भी प्रासंगिक हैं, जो समाज को आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। उपस्थितजनों ने बुद्ध के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। अंत में सभी ने एक स्वर में भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।



## मोहगांव के वार्ड क्रमांक 11 में मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण, प्रगणक की तत्परता सराहनीय

**नवभारत न्यूज**
**सौसर 07 मई** – जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर जिले में सक्रियता बढ़ गई है। जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के कुशल मार्गदर्शन में जनगणना कार्यों को गति मिल रही है। इसी कड़ी में नगर परिषद मोहगांव के वार्ड क्रमांक 11 में मकान सूचीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।



**समयबद्धता और जिम्मेदारी की मिसाल:** गुरुवार सुबह 8 बजे HLB 14 में प्रगणक श्रीमती स्मृति सिरसे शिक्षिका द्वारा वार्ड नंबर 11 में मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि मोहगांव क्षेत्र के लिए नियुक्त कुल 18 प्रगणकों में से श्रीमती सिरसे ने कार्य को प्राथमिकता देते हुए इसे सबसे पहले पूर्ण किया है। उनकी इस कार्यशैली और तत्परता को विभाग में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

**अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ सत्यापन**

यह कार्य चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजाराम वरठे की प्रत्यक्ष उपस्थिति में संपन्न हुआ। श्री वरठे ने प्रगणक द्वारा किए गए समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

**प्रशासन का सख्त रुख**

जिला प्रशासन द्वारा जनगणना के इस प्रथम चरण को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी प्रगणक और अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण डेटा सुनिश्चित करें।

## शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में ई-प्रवेश एवं 'कॉलेज चलो अभियान' को लेकर बैठक संपन्न

### छात्रों को मिलेगा निशुल्क मार्गदर्शन, 15 मई तक जारी रहेंगे प्रथम चरण

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 7मई,** मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गुरुवार 7 मई 2026 को शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में ई-प्रवेश प्रक्रिया एवं कॉलेज चलो अभियान के सफल संचालन को लेकर एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक प्राचार्य डॉ. शहनाज खान के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




बैठक में नए शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में उच्च शिक्षा से जोड़ने तथा प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की सहायता के लिए विशेष हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्णय लिया गया। हेल्प डेस्क के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, ऑनलाइन ई-रजिस्ट्रेशन, विषय चयन एवं अन्य शैक्षणिक जानकारी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। प्राचार्य डॉ. शहनाज खान ने स्टाफ को निर्देशित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त करने आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्रदान की जाए, ताकि किसी भी छात्र को तकनीकी या जानकारी के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में यह भी तय किया गया कि हेल्प डेस्क के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष में उपलब्ध विषयों की जानकारी, विषयों की उपयोगिता, संबंधित फैकल्टी, महाविद्यालय शुल्क संरचना एवं शासन द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व एवं भविष्य में उपलब्ध करियर संभावनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। महाविद्यालय द्वारा संचालित कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

इसके तहत महाविद्यालय की टीम गांव-गांव जाकर 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से संपर्क करेगी तथा उन्हें कॉलेज प्रवेश, ऑनलाइन पंजीयन एवं विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगी। अभियान का उद्देश्य आर्थिक या जानकारी के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित रहने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय से जोड़ना है।

महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु प्रथम चरण के ई-प्रवेश पंजीयन वर्तमान में जारी हैं, जो 15 मई तक संचालित रहेंगे। विद्यार्थियों से समय सीमा के भीतर पंजीयन कराने की अपील की गई है। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा ई-प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है।

## नवागत जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार द्वारा किया पदभार ग्रहण

### महिला थाना, रक्षित लाइन, पुलिस थाना, एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर देखी व्यवस्था

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना, 7मई,** नवागत जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार द्वारा गुरूवार को पांढुरना पहुंचे जहां इन्होंने सर्वप्रथम जिला पुलिस कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण करने के साथ ही अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जिले की भौगोलिक स्थिति के संदर्भ में जानकारी लेने के बाद नगर जिला मुख्यालय के पुलिस के सभी प्रमुख कार्यालयों के साथ पुलिस थाने का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।




गौरतलब हो कि गृह मंत्रालय द्वारा प्रदेश में बडी संख्या में आईपीएस अधिकारियों के किए गए तबादलों में प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहलाने वाले इंदौर में पुलिस उपायुक्त प्रकाशचंद्र परिहार को पांढुरना जिले की जिम्मेदारी सौंपी है, ज्ञातव्य हो कि श्री परिहार 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी है। इनकी पांढुरना जिला पुलिस अधीक्षक के रूप में की गई पदस्थापना की गई।

गुरूवार शाम को इंदौर से पांढुरना पहुंचे नवागत जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार द्वारा सर्वप्रथम जिला पुलिस कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण कर यहां उपस्थित सभी अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर जिले के भौगोलिक स्थिति के संदर्भ में विस्तार से जानकारी ली, इसके बाद उन्होंने रक्षित लाईन, महिला पुलिस थाना, एसडीओपी कार्यालय तथा पुलिस थाने में भी पहुंचकर यहां की कार्य व्यवस्था के संदर्भ में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला पुलिस कार्यालय से पुलिस थाने जाने के दौरान नगर के तीन शेर चौक पाइंट पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को देख इन्होंने अपना काफिला रोकते हुए इन पुलिसकर्मियों के पास पहुंचकर इनसे परिचय प्राप्त कर हाथ भी मिलाया,

नवागत पुलिस अधीक्षक के इस व्यवहार से सभी पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के साथ ही आम जनों द्वारा इनके इस मिलनसार स्वभाव की सराहना कर रहें है।


// नाम परिवर्तन सूचना //

मैं शपथकर्ता-अलीशा खान पिता शफीक खान उर्फ शफीकुर्रहमान आयु 22 साल निवासी वार्ड नं.31शफी कम्पाउण्ड पुराना बैल बाजार छिंदवाड़ा तहसील व जिला छिंदवाड़ा म.प्र.की निम्नकथन शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि 1.यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ। 2.यह कि मेरे पिता का नाम मेरे आधार कार्ड क्रं.6132 3625 5398 में शफीक खान दर्ज है एवं मेरे पिता के आधार कार्ड में जिसका क्रमांक 7119 0701 6544 में नाम शफीकुर्र हमान दर्ज है।3.यह कि मेरे स्वंय के शिक्षण प्रपत्रों में पिता का नाम शफीक खान दर्ज है।4.यह कि मेरे पिता का नाम शफीक खान एवं शफीकुर्रहमान नाम मेरे पिता एक ही व्यक्ति के नाम है जो कि सत्य व सही है।जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम शफीकुर्रहमान नाम दर्ज है। 5.यह कि मेरे पिता का नाम समस्त प्रपत्रों में शफीक खान उर्फ शफीकुर्रहमान नाम पढ़ा एवं लिखा जावें जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

::सत्यापन::

मैं शपथकर्ता सत्यापन करती हूँ कि शपथ पत्र की कण्डिका क्रं.1 से 5तक कथन सत्य व सही है।
छिंदवाडा
दिनांक:-04.05.2026 शपथकर्ता


## सदगुरू कबीर साहेब पर अशोभनीय टिप्पणी से समाज के अनुयायियों में आक्रोश

### कार्यवाहीं के मांग को लेकर कलेक्टर के नाम प्रभारी सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,** सदगुरु कबीर साहेब और गुरु गोरखनाथ के प्रति सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी से समाज के अनुयायियों में भारी आक्रोश व्याप्त है, कबीरपंथी भक्तों ने जिला कलेक्टर के नाम प्रभारी सीईओं को एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौप कार्यवाही की मांग की है।



कबीर पंथी अनुयायियों ने बुधवार को जिला कलेक्टर तथा थाना प्रभारी को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौप बताया कि मध्य प्रदेश के उज्जैन में रहने वाले प्रभु नारायण पिता बालाराम परमार द्वारा अपने फेसबुक अकाउंट के माध्यम से सोशल मीडिया से सदगुरु कबीर साहेब और गुरू गोरखनाथ के प्रति अशोभनीय, अभद्र टिप्पणी करने से समाज के अनुयायी बहुत अधिक आहत है। समाज के अनुयायियों द्वारा सोशल मीडिया पर इस तरह की टिप्पणी करने वालें के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। इस आशय का पत्र सौंपते समय बड़ी संख्या में समाज के अनुयायी प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।